रेडियो मधुबन की द्वतीय वर्षगांठ

शान्तिवन - 20 जनवरी

आज रेडियो मधुबन के लिए बहुत ही खास दिन रहा। खास इसलिए कि आज से ठीक दो साल पहले यनि 18 जनवरी 2011 को इस रेडियो स्टेशन का उद्घाटन किया गया। रेडियो मधुबन एफ़ एम बैन्ड के 90.4 फ्रीक्वेन्सी पर प्रसारित किया जाता है। यह ब्रह्माकुमारीज़ का पहला सामुदायिक रेडियो स्टेशन है। आज रेडियो मधुबन ने अपनी दूसरी वर्षगांठ बड़ी धूमधाम से मनायी, स्थान था कन्फ्रेन्स हाल जहां श्रोताओं एवं दर्शकों ने आयोजित रंगारंग कार्यक्रम का लुत्फ उठाया।

इस दिलकश एवं मनमोहक कार्यक्रम की शुरूवात प्रातः 10 बजे हुइ। हमारे आर जेस ने कार्यक्रम में शुरू से लेकर अंत तक अपनी जान डाल दी। शुरूवात किया आर जे विशाल और आर जे मोना ने चुलबुले अंदाज़ में। उसके बाद आर जे अमित ने अपने यूनिक अंदाज़ से दर्शकों एवं श्रोताओं का दिल जीता।

मुख्य अतिथियों के आने के बाद उन्हें फूलों के गुलदस्ते, तिलक बैज्स से स्वागत किया गया। जिले का एक मात्र सामुदायिक रेडियो स्टेशन रेडियो मधुबन 90.4 एफ एम युवाओं के विकास में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है यह विचार कलेक्टर मदनसिंह काला जी ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि इस स्टेशन से हमेशा प्रेरणा दायी विचार एवं सामग्री प्रस्तुत होती रहती है जो कि युवाओं के साथ-साथ समाज के सभी वर्ग के लोगों के लिये बहुत लाभदयक है।

इस अवसर पर संस्था की संयुक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी रतन मोहिनी जी ने कहा हमारा प्रयास है कि एक ऐसा माध्यम बने जिससे लोगों में श्रेष्ठ जीवन के साथ साक्षरता, स्वच्छता, आर्थिक विकास एवं खेती किसानी से संबन्धित सामग्री मिलती रहे, जो रेडियो मधुबन बखूबी निभा रहा है।

इस बीच रेडियो द्वारा कि गई सेवाओं का सोविनिर एवं मुल्यों पर आधारित संदेशों की एक सीडी भी रिलीज़ की गयी। साथ-साथ सभी आर जेस एवं अन्य सेवा साथियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह से नवाज़ा गया।

स्थानीय विधायक जगसीराम कोली ने कहा कि हमें खुशी है कि हमारे जिले में अब ऐसे साधनों का विकास हो रहा है जो हमारे सोच एवं हमारी जीवन शैली को बदलने में काम्याब साबित हो रहा है।

आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश वी ईश्वैरया ने कहा कि आज समाज में बदलाव के लिए ज़रूरी है कि लोगों के मन और मस्तिष्क में सकारात्मक बदलाव आये. निर्देशक बी के करूणा ने कहा कि हमारा लगातार प्रयास है कि इससे लोगों को ऐसी सामग्री मिलती रहे जिससे ज़िन्दगी में नया मुकाम हासिल हो।

सभी ने रेडियो मधुबन की टीम को बधाई दी एवं उनके कार्यक्रमों को सराहा। रंगारंग कार्यक्रम के अंतर्गत तरह तरह के लोकगीत पेश किये गये। एक ओर राजस्थानी गीत के धुन से पूरे वातावरण को मनमोहित किया वहीं कलाकारों ने शास्त्रीय संगीत एवं नृत्य की शानदार प्रस्तुति भी की। कलाकारों में नन्हें मुन्ने बच्चे भी शामिल थे कई नामीग्रामी आर्टिस्ट जैसेकि पुलकित मिश्रा, अनवर एहमद जी एवं साथियों ने अपने फन से सबको झकझोर दिया। समूह गीत एवं सामुहिक नृत्य, स्किटस्, चुटकले आदि शामिल थे। 5 घंटे तक चले इस मनोरंजक कार्यक्रम में राजस्थनी मिट्टी की खुशबू छाई रही।

अंत में रेडियो मधुबन की टीम ने आपस में किये गये सहयोग के लिए शुक्रिया करते हुए आगे भी मिलझुल कर रेडियो द्वारा समुदाय के उत्थान की प्रतिज्ञा की।